प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक    केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



पाकिस्तान की नौसिखिया डिप्लोमेसी ने डुबोई वार्ता की नैया? पेज- 2

पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 114    बुधवार 15 अप्रैल 2026    डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106    पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## पीएम मोदी ने महिलाओं को लिखा खास पत्र, कहा- 2029 से बदल जाएगा संसद का स्वरूप

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर देश की महिलाओं के नाम एक विशेष पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) को जल्द से जल्द लागू करने के अपने संकल्प को दोहराया और 2029 के लोकसभा व विधानसभा चुनावों से पहले महिलाओं को आरक्षण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा, "देशभर की हमारी माताएं–बहनें और बेटियां साल 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव से महिला आरक्षण सुनिश्चित करने के निर्णय की सराहना कर रही हैं।" उन्होंने कहा कि दशकों से लंबित इस महत्वपूर्ण संकल्प को साकार करने के लिए वे देशवासियों के साथ अपनी भावनाएं साझा कर रहे हैं। 14 अप्रैल को बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के मौके पर पीएम मोदी ने लिखा कि यह दिन भारत के इतिहास का अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने डॉ. अंबेडकर को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता आज भी हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। पीएम ने आगे कहा, "संविधान ने हमें जिस समानता और समावेशी भावना का मार्ग दिखाया है, उस पर चलते हुए 18 सितंबर से संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा होने जा रही है।" उन्होंने संसद के आगामी सत्र में इस संवैधानिक संशोधन को पारित करने के लिए देश की करोड़ों माताओं–बहनों का आशीर्वाद मांगा। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि पूरा सदन मिलकर इस ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन को पारित करेगा और विधायी संस्थाओं में देश की नारी शक्ति की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा, "मैं देख रहा हूं कि इसे लेकर हर तरफ जोश और उत्साह का माहौल है। देशभर की माताएं और बहनें इस बात पर खुशी जाहिर कर रही हैं कि उन्हें विकसित भारत के निर्माण में, देश की नीतियों के निर्धारण में और अधिक मजबूती से अपना योगदान देने का अवसर मिलने वाला है।" पीएम मोदी ने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि हमारी नारी शक्ति देश के विकास में अपनी अमिट छाप छोड़ रही है। वे हर क्षेत्र में बढ़–चढ़कर भागीदारी कर रही हैं। 21वीं सदी में विज्ञान, इनोवेशन, स्टार्टअप, शिक्षा, साहित्य, कला, संगीत, सिनेमा, नृत्य और विरासत जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की संख्या और उपलब्धियां लगातार बढ़ रही हैं। कई स्टार्टअप कंपनियों में महिलाएं सफलतापूर्वक नेतृत्व कर रही हैं, जो प्रेरणादायक है। यह पत्र बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती को महिलाओं के सशक्तिकरण से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री की नारी शक्ति के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।



## बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती, देश के बड़े नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

### -राष्ट्रपति ने कहा-उनका योगदान ऐतिहासिक

(एजेंसी) नई दिल्ली। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की आज 135वीं जयंती है। पूरा देश बाबा साहब को याद कर रहा है। सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी बड़े नेताओं ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी। संसद परिसर स्थित डॉ. आंबेडकर प्रेरणा स्थल पहुंचकर उप–राष्ट्रपति राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य नेताओं ने बाबा साहब को नमन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक्स पर लिखा, बाबा साहेब एक न्यायविद, अर्थशास्त्री, गहन विचारक, विधि विद्वान और समतावादी सामाजिक व्यवस्था के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने अपनी जिंदगी समाज के सबसे वंचित और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित की। यूपी की राजधानी लखनऊ में बसपा ने बड़ा कार्यक्रम किया। बसपा सुप्रिमों और पूर्व मुख्यमंत्री



मायावती ने अपने आवास पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी। डॉ. आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर भव्य कार्यक्रम में बसपा समर्थकों ने बाबा साहब के सामाजिक परिवर्तन के संदेश को आम करने का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी। भाजपा कार्यालय से लेकर विधानसभा मार्ग पर बाबा साहब को नमन करते होर्डिंग्स लगे हैं। उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने का सिलसिला चल रहा है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बाबा को श्रद्धांजलि दी है। समाजवादी पार्टी ने इस दौरान बाबा साहब हैं तो हम हैं का संदेश आम किया है। स्कूल–कॉलेज और विश्वविद्यालयों में बाबा साहब के संघर्ष, समानता और सामाजिक एकता को लेकर उनके संदेश को आम किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की उन्होंने कहा कि "आज, जब संविधान एक षड्यंत्रकारी हमले का सामना कर रहा है, तो उनके शब्द और चेतावनियाँ नए सिरे से प्रासंगिक हो उठती हैं। यह साहस और दृढ़ विश्वास का समय है। हमें केवल उन्हें याद ही नहीं करना चाहिए, बल्कि उनके द्वारा स्थापित प्रत्येक सिद्धांत की रक्षा करने, उनके द्वारा सुरक्षित किए गए प्रत्येक अधिकार की रक्षा करने और उनके द्वारा जिए गए और संघर्ष किए गए प्रत्येक मूल्य को कायम रखने के लिए उठना चाहिए।

### जस्ट डायल का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 37 प्रतिशत घटकर 100 करोड़ रुपए

(एजेंसी) नई दिल्ली। सर्च इंजन कंपनी जस्ट डायल लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025–26 की जनवरी–मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 36.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024–25 की समान तिमाही में 157.6 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 6.23 प्रतिशत बढ़कर 307.24 करोड़ रुपए हो गई, जो वित्त वर्ष 2024–25 की इसी अवधि में 289.2 करोड़ रुपए थी। कंपनी का नियंत्रण उद्योगपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर्स द्वारा किया जाता है। वित्त वर्ष 2025–26 की चौथी तिमाही में कंपनी की वेबसाइट पर कुल उपयोगकर्ताओं की संख्या 18.24 करोड़ रही, जो सालाना आधार पर 4.7 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 1.2 प्रतिशत कम है। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए कंपनी के मुख्य वृद्धि अधिकारी श्वेतांक दीक्षित ने कहा कि वित्त वर्ष 2025–26 जस्ट डायल के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष रहा, क्योंकि इस दौरान कंपनी ने अपने मंच को और अधिक उन्नत और स्वचालन आधारित बनाने की दिशा में काम जारी रखा।

## दिल्ली से देहरादून अब 2.5 घंटे में

### -पीएम मोदी ने किया दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के महत्वपूर्ण दौरे के दौरान देहरादून में एक सार्वजनिक समारोह में दिल्ली–देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का उद्घाटन कर एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद थे। देहरादून पहुंचे से पहले प्रधानमंत्री सुबह करीब 11.15 बजे यूपी के सहारनपुर में दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस–वे ऊंचे खंड पर बने वाइल्डलाइफ कॉरिडोर की समीक्षा की और एक भव्य रोड शो किया, जहां जनसैलाब में पीएम को जोरदार स्वागत किया। इस परियोजना का उद्देश्य दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा में लगने वाले समय को कम करना है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से तैयार ये प्रोजेक्ट आधुनिक इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना है। करीब 13,000 करोड़ रुपये की इस सौगात में एशिया का सबसे लंबा 12 किलोमीटर का एलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर और 340 मीटर लंबी सुरंग शामिल है। वहीं, पीएम के आगमन को लेकर देहरादून में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शहर में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बड़े–बड़े पोस्टर लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगले कुछ दिनों में चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है। मैं पंच बद्री, पंच केदार, पंच प्रयाग और यहां के आराध्य देवों को प्रणाम करता हूं। संतला माता को भी प्रणाम। इतने बड़े प्रोजेक्ट को पूरा करने में मां डाट काली का आशीर्वाद मिला। उत्तराखंड 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका। आज से प्रगति में एक और उपलब्धि जुड़ी है। इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। बाबा केदार के दर्शन के बाद मेरे मुंह से निकला था। ये प्रोजेक्ट उत्तराखंड को नई गति देगा। इससे गाजियाबाद, बागपत, बड़ौत, शामली, सहारनपुर को भी बहुत फायदा होगा। आज डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की



जयंती है। मैं श्रधंजलि अर्पित करता हूं। हमारी सरकार ने जो निर्णय लिए वो संविधान को पूरी तरह लागू करने वाले हैं। आर्टिकल 370 हटने के बाद आज पूरे देश मे संविधान लागू है। उत्तराखंड ने संविधान की भावना को आगे बढ़ाकर पूरे देश को राह दिखाई है। हमारी सरकार आज हर गरीब वंचित को सच्चा सामाजिक न्याय देने में जुटी है। इसलिए बाबा साहब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की भरपूर वकालत करते थे। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने उत्तराखंड में चल रही बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को लेकर कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि ऑल वेदर रोड परियोजना के तहत 640 किलोमीटर का काम पूरा किया जा चुका है, जिससे पहाड़ी इलाकों में आवाजाही पहले के मुकाबले काफी आसान हुई है। गडकरी ने कहा कि केदारनाथ क्षेत्र में रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड तक की परियोजना को दिसंबर 2026 तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है, जिस पर करीब 1300 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं यमुनोत्री धाम के लिए धरासू से यमुनोत्री तक 2500 करोड़ रुपये की परियोजना पर काम चल रहा है, जिसे 2028 तक पूरा करने की योजना है। उन्होंने यह भी बताया कि पहाड़ों में भूस्खलन की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने व्यापक योजनाएं तैयार की हैं। इसके तहत 4300 करोड़ रुपये की लागत से 296 कार्यों को मंजूरी दी जा चुकी है, जबकि 5800 करोड़ रुपये की लागत वाले 194 अन्य कार्यों की तैयारी चल रही है। रोपवे परियोजनाओं पर बोलते हुए गडकरी ने कहा कि सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12 किलोमीटर लंबा रोपवे बनाने का काम शुरू हो चुका है। इसके अलावा गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर लंबा रोपवे भी तैयार किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि कई संवेदनशील स्थानों पर सड़क के बजाय सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुगम बन सके। गडकरी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड का भविष्य तेजी से बदला जा रहा है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

## श्रमिकों के समर्थन में उतरे राहुल गांधी, बोले- यही है विकसित भारत का सच

(एजेंसी) नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर कर्मचारियों के हिंसक प्रदर्शन पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी है।



राहुल गांधी ने इसे श्रमिकों पर अत्याचार बताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वो इस देश के श्रमिकों की आखिरी चीख थी – जिसकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते–मांगते थक गया। कांग्रेस सांसद ने कहा, नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 महीने की तनख्वाह, 4,000–7,000 किराया। जब तक ҧ300 की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक ҧ500 सालाना किराया बढ़ा देता है। तनख्वाह बढ़ने तक ये बेलगाम महंगाई जिंदगी का गला घोंट देती है, कर्ज की गहराई में डुबा देती है – यही है विकसित भारत का सच। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने प्रदर्शन कर रही एक महिला कर्मचारी के बयान का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा, एक महिला मजदूर ने कहा गैस के दाम बढ़ते हैं, पर हमारी तनख्वाह नहीं। इन लोगों ने शायद इस गैस संकट के दौरान अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए ҧ5000 का भी सिलेंडर खरीदा होगा। उन्होंने आगे कहा, यह सिर्फ नोएडा की बात नहीं है। और यह सिर्फ भारत की भी बात नहीं है। दुनियाभर में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं, पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से सप्लाई चेन टूट गई है। मगर, अमेरिका के टैरिफ वॉर, वैश्विक महंगाई, टूटती सप्लाई चेन – इसका बोझ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मित्र उद्योगपतियों पर नहीं पड़ा। इसकी सबसे बड़ी मार पड़ी है उस मजदूर पर जो दिहाड़ी कमाता है, तभी रोज खाता है। राहुल गांधी ने कहा, वो मजदूर, जो किसी युद्ध का हिस्सा नहीं, जिसने कोई नीति नहीं बनाई जिसने बस काम किया। चुपचाप। बिना शिकायत। और उसके बदले अपना हक मांगने पर उन्हें मिलता क्या है? दबाव और अत्याचार। उन्होंने मोदी सरकार की ओर से लाए गए श्रम कानूनों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, एक और जरूरी मुद्दा मोदी सरकार ने चार श्रम कानून जल्दबाजी में बिना संवाद नवंबर, 2025 से लागू कर, काम का समय 12 घंटे तक बढ़ा दिया। जो मजदूर हर रोज 12–12 घंटे खड़े होकर काम करता है फिर भी बच्चों की स्कूल फीस कर्ज लेकर भरता है – क्या उसकी मांग गैरवाजिब है? और जो उसका हक हर रोज मार रहा है – वो विकास कर रहा है? कांग्रेस सांसद ने कहा, नोएडा का मजदूर 20,000 मांग रहा है। यह कोई लालच नहीं – यह उसका अधिकार, उसकी जिंदगी का एकमात्र आधार है। मैं हर उस मजदूर के साथ हूं – जो इस देश की रीढ़ है और जिसे इस सरकार ने बोझ समझ लिया है।

## नरेंद्र मोदी देशद्रोही, मुझसे तो नजर मिलाकर बात नहीं कर पाते, बंगाल में बोले राहुल गांधी

(एजेंसी) कोलकाता। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बंगाल विधानसभा चुनाव को संबोधित करते हुए पीएम मोदी पर सीधा हमला बोला और उन्हें देशद्रोही तक बता डाला। राहुल गांधी ने कहा कि मालदा की रैली में कहा कि पीएम मोदी देश भक्त नहीं हैं बल्कि वह देशद्रोही हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील देश में छोटे और मध्यम उद्योगों को बड़ा नुकसान पहुंचाएगी। इसके चलते देश में बड़े पैमाने पर रोजगार का संकट भी पैदा होगा। उन्होंने इस दौरान एसआईआर की भी बात की। राहुल गांधी ने कहा कि एसआईआर में बड़ी संख्या में लोगों के नाम हटाए गए हैं और ऐसा करना असंवैधानिक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से गलत तरीके से हटे हैं। उन्हें कांग्रेस की सरकार आने पर वापस जोड़ा जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ साल पहले मैं कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4 हजार किलोमीटर चला। मेरा इरादा यही था कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। नफरत से देश कमजोर होता है, जैसे परिवार में यह फैल जाती



है तो फैमिली खत्म हो जाती है। ऐसी स्थिति देश की होती है। यदि आपने नरेंद्र मोदी का चेहरा देखेंगे तो वह आंख में आंख में नहीं मिला पाते। मैं उनकी आंख में देखता हूं, लेकिन वह नीचे देखते हैं। वह कहते हैं कि हमारी 56 इंच की छाती है, लेकिन यह मजाक है। नरेंद्र मोदी ने तो देश को ही बेच दिया। रायबरेली के सांसद ने कहा कि भाजपा ने अपना पूरा पैसा अडानी के पास रख दिया है। नरेंद्र मोदी की सरकार हर ठेका और हर काम अडानी को ही देती है। ऐसा इसलिए क्योंकि वह सरकार को पैसा देता है और समर्थन देता है। मीडिया भी चलाता है। अडानी की कंपनी का नाम तो मोदानी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अडानी तो भारत के बाहर भी नहीं जा सकता और यदि वह बाहर निकले तो फिर अमेरिका उनको पकड़ लेगा। अमेरिका को पता लग गया है कि क्या चल रहा है। अडानी के खिलाफ जो केस है, वह वास्तव में नरेंद्र मोदी पर है। डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मैं दो मिनट में नरेंद्र मोदी का करियर खत्म कर दूंगा, लेकिन यह चूं तक नहीं कर पाते। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी का पूरा कंट्रोल तो ट्रंप के पास है। ट्रंप यदि कहे कि आप जंप करिए तो कूदेंगे। वह कहे कि मेरे आगे झुक जाओ तो ये झुक जाएं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कृषि सेक्टर अमेरिका के लिए खोल दिया है। इन लोगों ने अमेरिका के साथ ही तेल खरीदने का करार कर लिया है। उनसे कह दिया है कि यदि हम किसी और देश से तेल खरीदेंगे तो आपसे पहले पूछ लेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप से तो नरेंद्र मोदी बस 'यस सर, यस सर' करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों का पूरा डेटा ही नरेंद्र मोदी ने अमेरिका को दे दिया है। इन्होंने ट्रंप से दावा किया है कि हर साल 9 लाख करोड़ का माल भारत अमेरिका से खरीदेगा। राहुल गांधी ने कहा कि जिस तरह की ट्रेड डील हुई है, उससे साफ है कि पीएम मोदी देशद्रोही हैं। राहुल गांधी ने कहा कि संविधान के खिलाफ काम करते हुए लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए। उन्होंने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, जिन लोगों के नाम काटे गए हैं। उन्हें कांग्रेस की सरकार आने पर जोड़ा जाएगा।

## बंगाल को विभाजित किये बिना गोरखा समस्या का सवैधानिक रूप से समाधान करेंगे : अमित शाह

(एजेंसी) गंगारामपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल का विभाजन किए बिना संवैधानिक तरीके से दार्जिलिंग पहाड़ियों में निवास करने वाले गोरखा समुदाय के मुद्दे का समाधान करेगी। अमित शाह ने उत्तरी बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले के गंगारामपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि आम जनता उन्नयन पार्टी के संस्थापक हुमायूं कबीर मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के एजेंट हैं और वह उनकी सहमति से बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मुर्शिदाबाद में मस्जिद का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा मस्जिद के निर्माण की अनुमति नहीं देगी। शाह ने वादा किया कि पश्चिम बंगाल से अन्य राज्यों को आलू की आपूर्ति करने की अनुमति दी जाएगी ताकि यहां के किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बनने पर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा, सिंडिकेट राज का खात्मा किया जाएगा और घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। शाह ने पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादों को भी दोहराया कि उत्तरी बंगाल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), 600 बिस्तर के कैंसर अस्पताल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान (और खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा



कि राजबंशी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाएगा और दार्जिलिंग में एक पारिस्थितिकी अनुकूल रोमांचक खेल केंद्र की स्थापना की जाएगी।

# सम्पादकीय

## संकट के समय भारत ने निभाया पड़ोसी धर्म

तुर्की के न्यूज वेबसाइट अनादोलू को पाकिस्तानी आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सऊदी अरब और कतर पाकिस्तान को 5 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे, जिससे इस्लामाबाद जून तक बाहरी भुगतान करते हुए देश के कमजोर विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम कर सकेगा। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब इस्लामाबाद को महीने के अंत तक संयुक्त अरब अमीरात को 3.5 अरब डॉलर का कर्ज चुकाना है। मध्य पूर्व में जारी तनाव से जुड़े बढ़ते बाहरी दबावों और बढ़ती लागतों के बीच रियाद ने इस्लामाबाद को वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया है। सऊदी वित्त मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल्ला अल–जादान ने बीते दिनों इस्लामाबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। विदेश मंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर सहित वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारियों की उपस्थिति में हुई इस बैठक में सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के बीच जारी दरार के बीच आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया गया। पाकिस्तान ने अतिरिक्त वित्तीय सहायता का अनुरोध किया है, जिसमें मौजूदा नकद जमा का विस्तार और तेल वित्तपोषण सुविधा का विस्तार शामिल है, जो इस महीने के अंत में समाप्त होने वाली है। पाकिस्तान ने बैठक के दौरान किसी औपचारिक समझौते की घोषणा नहीं की गई, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि दोनों देशों के वित्त मंत्रालयों के बीच वित्तीय सहायता पर चर्चा पहले ही शुरू हो चुकी थी। वहीं अब बात भारत और उसकी पड़ोसी देशों के साथ अपनी नीतियों की तो गौरतलब है कि मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और कच्चे तेल की सप्लाई पर पड़े असर ने सिर्फ बड़े देशों को ही नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया की अर्थव्यवस्थाओं को भी हिला दिया। ऐसे वक्त में भारत ने एक बार फिर नेबरहुड फर्स्ट नीति को जमीन पर उतारते हुए बांग्लादेश का साथ दिया। बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने मीडिया के माध्यम से खुलासा किया कि युद्ध के कारण कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने लगी थी, जिससे उनके देश में ऊर्जा संकट गहराने लगा। बांग्लादेश ने भारत से डीजल सप्लाई बढ़ाने की गुजारिश की। नई दिल्ली ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। दोनों देशों के बीच मौजूद पाइपलाइन के जरिए डीजल की आपूर्ति जारी रही। रहमान ने बताया कि भारत ने अपने घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए भी बांग्लादेश की मदद का भरोसा दिया और सप्लाई बढ़ाने का आश्वासन दिया। यहां यह बताते चलें कि नई दिल्ली और ढाका के रिश्ते किसी औपचारिक कूटनीति से कहीं आगे जाते हैं। साझा नदियां, साझा सीमाएं और सांस्ृतिक नजदीकी इस रिश्ते को खास बनाती हैं। 26 मार्च को दिल्ली में बांग्लादेश के नेशनल डे पर दोनों देशों के राष्ट्रीय गान का लाइव प्रदर्शन हुआ। इसे रहमान ने मजबूत रिश्तों की झलक बताया। दोनों देश धीरे–धीरे लेकिन मजबूती से रिश्तों को आगे बढ़ाने के फॉर्मूले पर काम कर रहे हैं। मिडिल ईस्ट संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में आई उथल–पुथल ने भारत–बांग्लादेश रिश्तों को परखने का मौका दिया। बांग्लादेश जैसे देशों पर क्रूड सप्लाई चेन का दबाव साफ दिखा। भारत की तेजी से की गई मदद को रिश्तों के रीसेट का संकेत माना जा रहा है। बताते चलें कि 1996 में हुई गंगा जल संधि अब फिर से रिनिगोशिएशन के दौर में है। रहमान के मुताबिक, पानी सीमित है, लेकिन गंगा जीवन है। जल बंटवारा सिर्फ संसाधन नहीं, बल्कि सभ्यताओं को जोड़ने वाला बंधन है। दोनों देशों के लिए क्लाइमेट रेजिलिएंस आने वाले 30 साल की साझेदारी का आधार बन सकता है। रहमान ने यह भी स्पष्ट किया कि बांग्लादेश की विदेश नीति किसी एक देश के खिलाफ नहीं है। चीन के साथ संबंधों को लेकर कहा कि यह जीरो–सम गेम नहीं। भारत को बाहरी पार्टनर नहीं बल्कि संरचनात्मक साझेदार बताया। ऊर्जा संकट के दौर में भारत की त्वरित मदद ने यह साफ कर दिया कि नई दिल्ली और ढाका के रिश्ते सिर्फ कागज़ी नहीं हैं। जब हालात मुश्किल होते हैं, तो यही रिश्ते असली ताकत बनते हैं और इस बार भी भारत ने पड़ोसी धर्म निभाने में कोई देर नहीं की।



नफीस जाफरी

## आत्म-निरीक्षण का विषय

विदेश मंत्री एस. जयशंकर के लिए यह आत्म–निरीक्षण का विषय होना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय मसलों में आज भारत की कोई भूमिका क्यों नहीं बची है? फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्यों अलग–थलग नजर आया? जब ये साफ हो गया कि प्रधानमंत्री भाग नहीं लेंगे, तो ईरान युद्ध पर बुलाई गई सर्वदलीय महज रस्म–अदायगी भर रह गई। ऐसी बैठकों की तभी अहमियत होती है, जब उनका मकसद उत्पन्न परिस्थिति पर पूरी पारदर्शिता बरतते हुए सभी पक्षों के बीच आम–सहमति बनाना होता है। ऐसा तभी हो सकता है, जब देश के शीर्ष नेता बैठक में उपस्थित रहें। और सिर्फ तभी किसी संकट काल में पूरा देश एक स्वर में बोल सकता है। बहरहाल, नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में ऐसी राष्ट्रीय एकजुटता दुर्लभ होती चली गई है। नतीजतन, सर्वदलीय बैठकें सियासी नैरेटिव को प्रचारित करने का एक और मौका बन जाती हैं। यही हाल पश्चिम एशिया में युद्ध पर बुलाई गई बैठक का हुआ। विपक्ष ने उसे अपने इस कथानक को बल देने का अवसर बनाया कि मोदी सरकार की कूटनीतिक विफलताओं ने भारतीय आवाम को गहरी मुसीबत में डाल दिया है, जबकि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में भारत अप्रासंगिक होता जा रहा है। इसी सिलसिले में पाकिस्तान के मध्यस्थ बन कर उभरने की चर्चा हुई। तो उस पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हैरतअंगेज टिप्पणी की। उन्होने कहा कि भारत पाकिस्तान की तरह दलाली नहीं कर सकता! अमेरिका ने पाकिस्तान को क्यों मध्यस्थ बनाया और ये भूमिका स्वीकार कर पाकिस्तान ने क्या जोखिम मोल लिए हैं, ये दीगर सवाल हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता को दलाली बताना अपनी विदेश नीति की घोर विफलता से पैदा हुए असंतोष का ही इज़हार समझा जाएगा। वरना, कोरिया युद्ध, कॉन्गो युद्ध, श्रीलंका के गृह युद्ध आदि में मध्यस्थता का भारत के बेहतरीन रिकॉर्ड रहा है। यहां तक कि यूक्रेन युद्ध में प्रधानमंत्री मोदी ने संवाद और कूटनीतिक समाधान के संदेश दोनों पक्षों को दिए। अतरू जयशंकर के लिए यह आत्म–निरीक्षण का विषय होना चाहिए कि आज अंतरराष्ट्रीय मसलों में भारत की कोई भूमिका क्यों नहीं है? बात यहीं तक नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह अलग–थलग नजर आया, वह हालिया तजुर्बा है। इन सवालों पर गौर करने के बजाय दलाल ना होने का झूठा फ़ख्र किसी काम का नहीं है। उससे भारतीय जनमत के सिर्फ एक हिस्से को ही बहलाया जा सकता है।

# पाकिस्तान की नौसिखिया डिप्लोमेसी ने डुबोई वार्ता की नैया?



गुलफिशा खान

मिडिल ईस्ट में एक बार फिर बढ़ती टेंशन ने पाकिस्तानी स्टॉक मार्केट की कमर तोड़ दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की नाकेबंदी के कड़े आदेश के बाद पाकिस्तान का शेयर बाजार ताश के पत्तों की तरह ढह गया। मालूम हो कि पाकिस्तान और ईरान के बीच बड़ा व्यापारिक रिश्ता है। पाकिस्तान अपनी ऊर्जा जरूरतों और कई जरूरी सामानों के लिए ईरान पर निर्भर रहता है। ट्रंप के इस फैसले का मतलब है कि ईरान के साथ होने वाला बिजनेस पूरी तरह ठप हो सकता है। पाकिस्तान पहले से ही बिजली और गैस की किल्लत से जूझ रहा है। ईरान पर अमेरिका के इस फैसले का सीधा असर पाकिस्तान की पाइपलाइन परियोजनाओं और सस्ते ईंधन पर पड़ेगा। सप्लाई चेन टूटने से पाकिस्तान में रोजमर्रा की चीजों के दाम आसमान छू सकते हैं। वहीं बात पाकिस्तान इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हुई शांति वार्ता की तो मालूम हो कि अमेरिका और ईरान के बीच की वार्ता पूरी तरह बेनतीजा साबित हुई। दुनिया जिस शांति की उम्मीद लगाए बैठी थी, वह अब एक भीषण क्षेत्रीय युद्ध के मुहाने पर खड़ी है इस पूरी कवायद में सबसे ज्यादा किरकिरी पाकिस्तान की हुई है। पाकिस्तान ने पूरे प्रकरण में खुद को शांतिदूत के तौर पर पेश तो किया, लेकिन उसकी अनुभवहीन कूटनीति ने पूरी वार्ता को ही डिरेल कर दिया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर जिस मध्यस्थता का डंका पीट रहे थे, वह असल में पाकिस्तान की एक ऐसी कूटनीतिक लाचारी बनकर उभरी, जिसने वाशिंगटन के सामने इस्लामाबाद को पूरी तरह बौना साबित कर दिया था। अमेरिकी का कहना है कि उन्होंने काफी लचीला रुख अपनाया था, लेकिन ईरान अपनी शर्तों से टस से मस नहीं हुआ। दूसरी ओर ईरान का कहना है कि अमेरिका बातचीत की मेज पर वो सब कुछ हासिल करना चाहता था, जो वह जंग के मैदान में नहीं जीत पाया। इस खींचतान के बीच सबसे बड़ा सवाल पाकिस्तान की भूमिका पर है। पाकिस्तान के पास इस तरह की जटिल और बेहद संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं को संभालने का कोई ठोस कूटनीतिक इतिहास नहीं है। अमेरिका और ईरान जैसे धुर विरोधियों को एक मंच पर लाना किसी खेल से कम नहीं था, लेकिन शहबाज सरकार ने इसे एक इवेंट की तरह लिया। जानकारों का मानना है कि पाकिस्तान इस पूरे मामले की गंभीरता को भांपने में नाकाम रहा जब बात वैश्विक शक्तियों की होती है, तो वहां शब्दों का चयन और निष्पक्षता की साख सबसे जरूरी होती है। पाकिस्तान के पास इसी निष्पक्षता का अभाव दिखा। पाकिस्तानी फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने इस बात का सबूत दे दिया पाकिस्तान अमेरिका और ईरान को बराबर नहीं देख रहा है। बीते दिनों मुनीर ने अमेरिका राष्ट्रपति जेडी वेंस का स्वागत सूट पहन कर किया था और वहीं ईरानी डेलिगेशन को फौजी लिबास में मिलने गए थे। इसपर सवाल उठे थे कि पाकिस्तान दोनों देशों को लेकर निष्पक्ष नहीं है।



गौरतलब है कि पाकिस्तान और ईरान में बीते सालों सरहद को लेकर तनाव भी रहा है और मिसाइल दागने जैसी नौबत तक आ गई थी। आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान की गर्दन अमेरिका के कर्ज तले दबी है ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी था कि क्या पाकिस्तान वास्तव में एक निष्पक्ष रेफरी की भूमिका निभा रहा था या वह केवल एक पोस्टमैन बनकर रह गया था। इस पूरी वार्ता में पाकिस्तान की स्थिति एक सशक्त मध्यस्थ के बजाय महज एक सुविधा प्रदाता जैसी रही। अमेरिका के दबाव के सामने पाकिस्तानी नेतृत्व इतना कमजोर दिखा कि वह ईरान को किसी भी ठोस समझौते के लिए आश्वस्त नहीं कर सका। वार्ता के नाकाम होने का सीधा मतलब है कि अब मिडिल ईस्ट में फिर से अशांति की लपटें तेज हो सकती हैं। अमेरिका के सामने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर लाचार दिखे। जहां तक पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम का सवाल है तो पाकिस्तान में लोकतंत्र है या सैन्यतंत्र? अबतक तो सिर्फ आरोप लग रहे थे कि पाकिस्तानी सरकार की असली कमान आर्मी चीफ आसिम के हाथ में है, लेकिन अब यह पूरी तरह साबित भी हो गया है। बीते दिनों जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस्लामाबाद में ईरान के साथ अहम बातचीत के लिए पहुंचे, तो उनका स्वागत पाकिस्तान के ताकतवर सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने किया। खास बात थी कि मुनीर सिविल कपड़ों में थे और बाकी लोगों जैसे ही दिख रहे थे। यह तस्वीर दिखा रही थी कि अब आसिम मुनीर पाकिस्तान की विदेश नीति में बहुत बड़ा रोल निभा रहे हैं। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामाबाद के राजनीतिक विश्लेषक कमर चीमा ने कहा कि मुनीर अब एक सैनिक, नेता और राजनयिक तीनों की भूमिका में दिख रहे हैं। इस्लामाबाद में मुनीर हर जगह मुख्य भूमिका में थे। उन्होंने खुद दोनों देशों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया और वेंस के साथ दोस्ताना व्यवहार दिखाया। जेडी वेंस को रिसीव करते समय मुनीर आगे–आगे चल रहे थे और पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार पीछे–पीछे। यह तस्वीर अपने आप में पाकिस्तान की जमीनी हकीकत बयान कर रही थी। विदित हो कि पाकिस्तान और अमेरिका का रिश्ता पहले उतार–चढ़ाव भरा रहा है। कई बार अमेरिका ने पाकिस्तान की आलोचना की, खासकर जब सेना ने वहां कि सरकारों का तख्तापलट किया। हालांकि अब जब सेना ने अप्रत्यक्ष तौर पर सरकार पर कब्जा कर लिया है, तब अमेरिका की मौजूदा सरकार को यह सिस्टम ही रास आ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अक्सर मुनीर को अपना "पसंदीदा फील्ड मार्शल" कहते हैं। पिछले साल जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को धूल चटाई थी तो उसके बाद से ट्रंप और मुनीर का रिश्ता और परवान चढ़ने लगा। वजह थी कि पाकिस्तान वही बोली बोल रहा था जो ट्रंप चाहते थे। पाकिस्तान ट्रंप को शांतिदूत दिखा रहा था जबकि भारत ने बार–बार साफ किया कि सीजफायर में किसी तीसरे देश का हाथ नहीं था। उस समय पाकिस्तान ने ट्रंप की बहुत तारीफ की और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया। मुनीर का पाकिस्तान में दबदबा वहां सेना की बढ़ती ताकत के साथ जुड़ा हुआ है। मुनीर ने खुद के लिए कानूनी सुरक्षा (इम्युनिटी) ले ली है और उन्हें लंबा कार्यकाल मिला है। सेना का सरकार चलाने में भी असर बहुत ज्यादा बढ़ा है। आलोचक और पाकिस्तानी विपक्ष कहते हैं कि इन बदलावों से देश में लोकतंत्र कमजोर हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, जो पहले सेना के करीब थे और बाद में उसके खिलाफ बोले, अब जेल में हैं। सेना ने बार–बार कहा है कि उसका इमरान खान के मामलों या सरकार के काम में कोई दखल नहीं है। लेकिन सच्चाई इससे अलग नजर आती है। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार एक्सपर्ट शुजा नवाज ने कहा कि पाकिस्तानी सेना का अब वहां की अर्थव्यवस्था और न्याय व्यवस्था पर पहले से ज्यादा नियंत्रण है। पाकिस्तान के पैदा होने के बाद से ही वहां कई बार सेना ने सत्ता संभाली है। विदेश नीति हमेशा से सेना के लिए अहम रही है। विदेशी नेता अक्सर राजधानी के पास रावलपिंडी में सेना प्रमुख से मिलने को जरूरी मानते हैं। वह जानते हैं कि पाकिस्तान में कंट्रोल असल में किसके हाथ में है। मुनीर पहले खुफिया प्रमुख थे और उन्हें 2022 में सेना प्रमुख बनाया गया। शुरुआत में वे कम दिखाई देते थे, लेकिन अब पाकिस्तान पर उनका कंट्रोल साफ नजर आता है। नवाज ने कहा, "मुनीर पहले के आर्मी चीफ से ज्यादा सीधे तौर पर सरकार और विदेश नीति में शामिल हैं।" मुनीर पिछले साल जून में शहबाज शरीफ के साथ वॉशिंगटन गए थे और ट्रंप के साथ लंच किया था। उस मुलाकात के बाद दोनों के बीच रिश्ता और मजबूत हुआ। ट्रंप ने मीडिया से कहा था कि मुनीर को ईरान की बहुत अच्छी समझ है। एक्सपर्ट हसन अब्बास ने कहा कि ट्रंप के साथ मुनीर की तस्वीरें और मुलाकात ने उनकी छवि बदल दी है।

# एपस्टीन फ़ाइल्स एक बार फिर चर्चा में



फरीद वारसी

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने कुख्यात यौन अपराधी और दिवंगत फाइनेंसर जेफ्री एपस्टीन से किसी भी तरह के संबंध और उसके अपराधों की जानकारी होने के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस में कड़ा बयान पढ़ते हुए मेलानिया ट्रंप ने कहा कि उनके खिलाफ चल रही कहानियां पूरी तरह झूठी हैं और ये उनकी छवि खराब करने की ओछी कोशिशें हैं। मेलानिया ट्रंप ने कहा, एपस्टीन जैसे बदनाम शख्स से मुझे जोड़ने वाले झूठ अब आज ही खत्म होने चाहिए। जो लोग ऐसा कर रहे हैं, वे नैतिकता, विनम्रता और सम्मान से कोसों दूर हैं। उन्होंने साफ किया कि उनके और उनके वकीलों ने इन निराधार और बेबुनियाद झूठों के खिलाफ कानूनी लड़ाई शुरू कर दी है। गौरतलब है कि मेलानिया ट्रंप ने व्हाइट हाउस के ग्रैंड फोयर में करीब पांच मिनट तक बयान पढ़ा और किसी भी सवाल का जवाब दिए बिना वहां से चली गईं। उन्होंने विस्तार से आरोपों का जिक्र नहीं किया, लेकिन कहा कि ये हमले ऐसे लोगों और संगठनों की ओर से हो रहे हैं जिनका मकसद राजनीतिक और आर्थिक लाभ है। गौरतलब है कि वैश्विक राजनीति में भूचाल ला चुकी एपस्टीन फाइल्स एक बार फिर चर्चा में है। एक महिला ने एक्स अकाउंट से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप की पोल खोलने की धमकी दी है। महिला खुद को एपस्टीन फाइल्स का दोषी बताते हुए कहा कि मैं दो दशकों से मेलानिया ट्रंप की करीबी रही है। पोस्ट में यह भी कहा गया है कि वह मेलानिया के छिपे हुए संबंधों को उजागर कर देगी। यह धमकी ऐसे समय में आई है जब मेलानिया खुद यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से किसी भी तरह का कोई संबंध न होने की बात दोहराती आई हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एस्स पर अमांडा उंगारो नाम के एक अकाउंट ने नए दावे किए हैं। अकाउंट से किए गए एक पोस्ट में लिखा,"हैलो मेलानिया, मैं 20 साल तक आपके आसपास रही हूं। आप जानती थीं कि मैं प्ब्म के अंदर थी। इतने सालों बाद जो सबसे ज्यादा दर्द देता है, वह यह है कि मैं आपके



परिवार आपकी मां और पिता के संपर्क में रही, आपकी वजह से नहीं बल्कि उनकी वजह से, कार्यक्रमों और अन्य मौकों पर इसलिए मेरे बारे में बोलते समय चुप रहें, क्योंकि मैं वह सब उजागर कर दूंगी जो मैं जानती हूं। " हालांकि मेलानिया ट्रंप के खिलाफ इस पोस्ट की मीडिया रिपोर्ट्स पुष्टि नहीं करती है पर अकाउंट ब्लू टिक वाला है। अकाउंट लैटिन अमेरिका से चलाया जा रहा है और दिसंबर 2025 से सक्रिय है। जेफ्री एपस्टीन को लेकर मेलानिया ट्रंप की टिप्पणियां व्हाइट हाउस अधिकारियों के लिए भी चौंकाने वाली रहीं। सीएनएन की सीनियर व्हाइट हाउस संवाददाता क्रिस्टन होम्स ने एक्स पर लिखा, "कुछ व्हाइट हाउस अधिकारी फर्स्ट लेडी(ट्रंप की पत्नी मेलानिया) के बयान के समय को लेकर हैरान रह गए। इससे अफवाहें फैल गईं कि शायद वह किसी आने वाली बात से पहले खुद को सुरक्षित करने की कोशिश कर रही थीं।" क्रिस्टन होम्स के अनुसार, एक अधिकारी ने बताया कि मेलानिया ट्रंप के करीबी लोगों के बीच इस बात को लेकर मतभेद थे कि उन्हें यह बयान देना चाहिए या नहीं, क्योंकि यह मामला पहले ही शांत हो चुका था। हालांकि अधिकारी का कहना था कि ऑनलाइन अब भी मेलानिया ट्रंप को एपस्टीन से जोड़ने वाली खबरें और चर्चाएं चल रही थीं, इसी वजह से मेलानिया ट्रंप ने इस विषय पर आधिकारिक रूप से साफ और मजबूत तरीके से अपना पक्ष रखा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कहा कि उन्हें अपनी पत्नी की ओर से एपस्टीन से जुड़े इस बयान की योजना के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं थी। इस अचानक दिए गए बयान के बाद सोशल मीडिया पर अटकलों का दौर तेज हो गया है, जिनमें से ज्यादातर चर्चाओं का केंद्र अमांडा उंगारो बनी हुई हैं। मालूम हो कि मेलानिया ट्रंप को चेतावनी देने वाली अमांडा उंगारो एक मॉडल बताई जाती हैं और रिपोर्ट्स के अनुसार वह पूर्व मॉडलिंग एजेंट और डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगी रहे पाओलो जामपोली की पार्टनर हैं। पाओलो जामपोली वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने मॉडलिंग के दौरान मेलानिया ट्रंप को अमेरिका लाने में मदद की थी और उनकी मुलाकात डोनाल्ड ट्रंप से कराई थी। बताया जाता है कि अमांडा उंगारो को भी पाओलो जामपोली ने उस समय खोजा था, जब वह एक मॉडलिंग एजेंट के रूप में काम कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने उंगारो को मॉडलिंग करियर के लिए तैयार किया और अमेरिका आने के लिए उन्हें प्रेरित किया। ब्राजील के अखबार ओ ग्लोबो को दिए एक इंटरव्यू में अमांडा उंगारो ने जेफ्री एपस्टीन से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बताया था। उन्होंने कहा कि 17 साल की उम्र में वह पेरिस से न्यूयॉर्क जेफ्री एपस्टीन के निजी विमान से गई थीं। उंगारो के अनुसार, वह अपने एजेंट जीनघ्लुक ब्रूनेल के साथ उस विमान में सवार हुई थीं। उन्होंने बताया,"उस विमान में करीब 30 लड़कियां थीं, जो बहुत सुंदर और बहुत कम उम्र की थीं। मुझे तुरंत असहज महसूस हुआ और मैं विमान से उतरना चाहती थी. "उंगारो ने इस पूरे सफर को बेहद परेशान करने वाला अनुभव बताया था। "मुझे तब महसूस हुआ था कि कुछ गलत है, लेकिन उस समय मैं इस दुर्व्यवहार को पूरी तरह समझ नहीं पाई थी. "हालांकि अमांडा उंगारो ने जेफ्री एपस्टीन पर सीधे तौर पर खुद के साथ किसी व्यक्तिगत हमले का आरोप नहीं लगाया है, लेकिन उन्होंने खुद को एपस्टीन से जुड़े मॉडलिंग सिस्टम की पीड़िता बताया है। खबरों के अनुसार, उंगारो और पाओलो जामपोली का रिश्ता साल 2023 में खत्म हो गया था। एक इंटरव्यू में उंगारो ने कहा,"मारघ्एघ्लागो में न्यू ईयर की पार्टियों में, हम और एक अन्य कपल ही ऐसे लोग थे जो ट्रंप और मेलानिया के साथ एक ही टेबल पर बैठे होते थे।" उन्होंने यह भी दावा किया कि जामपोली की वजह से उनके संबंध मेलानिया ट्रंप और डोनाल्ड ट्रंप दोनों के काफी नजदीकी थे।

# बैटल ऑफ बंगाल (पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव) में भाजपा और ममता की हर स्तर की लड़ाई

अजय दीक्षित

पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव, भारत के अन्य राज्यों के चुनावों की तरह नहीं बल्कि यह 1757 की प्लासी की लड़ाई की तरह है जब मु–ी भर क्लाइव की ब्रिटिश फौज ने तीन लाख की बंगाल के नबाब सिराजुद्दौला को हरा दिया था और मीर जाफर को बंगाल का नबाब बना दिया था। वर्तमान विधानसभा चुनाव,जो कई आयामों, स्तरों, उद्देश्यों,के लिए शाम दाम, दंड से लड़ी जा रही है। पूरा राज्य बंगाल मय समाचार पत्रों, दृश्य मीडिया के दो फाड़ हो गया है।एक भाग भाजपा के साथ है तो दूसरा तृणमूल कांग्रेस के साथ है।वाकी सीपीएम, कांग्रेस दूसरे दल, केवल औपचारिक भूमिका में है। जहां तृणमूल कांग्रेस ने एस आई आर का मुद्दा उठाया है वही भाजपा 15 साल की भ्रष्टाचार, हिंसा, घुसपैठ को मुख्य मुद्दा बना रही है।294 सदस्यीय विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होने है । लेकिन भारतीय जनता पार्टी को भी समझमे आ गया है कि यह चुनाव पूरे देश से भिन्न है।बस इतना समझ लो कि भाजपा की भवानीपुर की रैली में बैंड बजा रहे दल की भी उसी रात तृणमूल के लठैत से मार मार खूनी खेल खेला।यह एक बानगी है और यह उस पार्टी के खिलाफ हो रहा है जो देश पर शासन कर रही है। पोस्टर वाला, टांगें वाला, माइक वाला जो भाजपा के काम कर रहा है उसे तृणमूल कांग्रेस का कोप का भाजन बनाना पड़ेगा।बंगाल का विधानसभा चुनाव इतना बोझिल है कि सर्वेक्षक भी हड़प्रभ है क्योंकि कोई भी मतदाता खुल कर अंकित नहीं कर रहा है।टाइम्स ऑफ इंडिया के शीतल पाल सिंह कहते हैं कि असम, केरल, पांडिचेरी की तरह मतदाता पश्चिमी बंगाल में बोल नहीं रहा है क्योंकि उसे अज्ञात भय है। संदीप घोषाल वीरभूमि में कपड़ा व्यापारी है लेकिन चुनाव की बात करने ही तैयार नहीं बस यह कहते हैं कि दीदी ही आएगा ।तुड़मूल सरकार ने लोगों को अपनी चाल में ढाल दिया है। भारतीय जनता पार्टी इस लड़ाई में सुबेदु अधिकारी को आगे कर चुनाव मैदान में है।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिलीगुड़ी सभा कर रहे हैं और उनकी सभा में इतनी भीड़ है जो बता रही है कि पश्चिमी बंगाल में ज्वाला भभक रही है। लेकिन लोग बोलना नहीं चाहते हैं। ममता बनर्जी ने एस आई आर को मुद्दा बनाया है और पूरे सूबे से 90 लाख मतदाता डिलीट कर दिया है। कोलकाता में 11 विधानसभा क्षेत्र है जबकि ग्रेटर कोलकाता से या कहे अंग्रेजी पुरानी स्टेट में 107 सीट है 2021 में यहां पर 90 सीट ममता बनर्जी की तुड़मूल ने जीती थी और भारतीय जनता पार्टी को मात्र 15 सीट मिली थी सीपीएम कांग्रेस एक एक सीट पर जीती थी। अबकी बार भाजपा इस क्षेत्र से कुछ अच्छा स्कोर कर ना चाहती है। मालदा वीरभूमि, मेदिनीपुर, बांकुरा, चौबीस परगना, सहित अनेक जगह पर तुड़मूल, भाजपा में गजब की टक्कर है। आजादी के बाद पश्चिमी बंगाल में विधान चंद्र राय कांग्रेस के दिग्गज नेता थे उन्होंने आजादी के आंदोलन बहुत ही सराहनीय काम किया।1977 तक कांग्रेस ही बंगाल की सत्ता में थी सिद्धार्थ शंकर राय मुख्यमंत्री रहे। आपातकाल के बाद हुए चुनावों में सीपीएम यानी लेफ्ट पार्टियों का समावेश हुआ और वे विधानसभा चुनाव में बहुमत लाने में सफल हुए। ज्योति बसु 27 वर्ष यानि 2000 तक मुख्यमंत्री रहे उनके बाद सीपीएम की विरासत बुद्धदेव भट्टाचार्य के हाथों में आई 2011 तक 10 वर्ष वह मुख्यमंत्री रहे। 2011 तुड़मूल कांग्रेस ममता बनर्जी के नेतृत्व में सत्ता में बैठी है। लेकिन अब सीपीएम, सीपीई, आरएसपी, कांग्रेस अपना अस्तित्व खो बैठी है।2021 से भारतीय जनता पार्टी मुख्य विपक्षी दल है। लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तर बंगाल में भारतीय जनता पार्टी का बढ़त थी जबकि दक्षिण बंगाल तुड़मूल ने अधिकतर सीट जीती थी।

# कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब डॉ- भीमराव अबेडकर की जयंती

## –जिलाधिकारी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि, कार्मिकों को उनके आदर्शो पर चलने का दिया संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती गौरवपूर्ण तरीके से मनाई गई, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा की गई, इस अवसर पर जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति अपनी .तज्ञता व्यक्त की, जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब के जीवन दर्शन और राष्ट्र निर्माण की भावना ने देश के नवनिर्माण में अतुलनीय योगदान किया है, उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं बल्कि एक महान समाज सुधारक और दूरदर्शी व्यक्तित्व थे, उन्होंने अपना पूरा जीवन ऊंच–नीच, छुआ–छूत और भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए समर्पित कर दिया, आज हम जिस लोकतांत्रिक भारत में सांस ले रहे हैं, उसकी नींव बाबा साहब के समतामूलक विचारों पर टिकी है, जिलाधिकारी ने उपस्थित कार्मिकों को बाबा साहब के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए कहा कि बाबा साहब का मंत्र ष्शिक्षित बनो–संगठित रहो और संघर्ष करोष आज भी उतना प्रासंगिक है, उन्होंने जोर दिया है कि सरकारी सेवा में कार्यरत हर व्यक्ति का उत्तरदायित्व है कि वह संविधान की मूल भावना के अनुरूप अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाए, इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों ने बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलकर देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्य रखने का संकल्प लिया, इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर के समस्त पटल सहायक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डा0 बबीता सिंह चौहान द्वारा वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद मा0 अध्यक्षा ने केन्द्र की कार्य प्रणाली और साफ–सफाई और पीड़ित महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया, उन्होने केन्द्र के विभिन्न पटलों का अवलोकन किया और वहां उपस्थित स्टाफ से चर्चा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की, मा0 अध्यक्षा ने वन स्टॉप सेंटर द्वारा किए जा रहें कार्यो और दी जा रहीं सेवाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की, उन्होने केन्द्र के काम काज को संतोष जनक पाया, उन्होने केन्द्र के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पीडित महिलाओं की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त् नही की जाएगी, केन्द्र में उपलब्ध आपातकालीन सहायता, चिकित्सा सुविधा और विधिक परामर्श सेवाओं की उपलब्धता की भी जांच की गयी, इस अवसर पर सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी और वन स्टॉप सेंटर की टीम उपस्थित रहीं, साथ ही साथ जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी के0एम0 सिंह भी उपस्थित रहें।


# अटरिया में बाबा साहेब की जयंती की धूमरू जिला पंचायत सदस्य के पुत्र वंश चौधरी ने चखाया जीत का स्वाद, गांवों में गूंजे जय भीम के नारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया – सीतापुर। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अटरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में उत्साह का माहौल रहा। इस खास मौके पर जिला पंचायत सदस्य कन्हैया लाल चौधरी ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण किया और संविधान निर्माता की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। प्रसाद वितरण और आत्मीय मिलन कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात कन्हैया लाल चौधरी और उनके सुपुत्र वंश प्रताप चौधरी ने ग्रामीणों के बीच मिठाई और फलों का प्रसाद वितरित किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए बाबा साहेब के शिक्षित बनने और संगठित रहने के संदेश को आत्मसात करने की अपील की। इन गांवों में पहुंचे जन–प्रतिनिधि टोली ने क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क किया और उत्सव में भाग लियारू नयागांव और कोडरिया में भारी जनसमूह के बीच प्रसाद बांटा गया। कठवा, नरपतपुर स्कूल और रेहूरिवान में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पलिया गांव में भी ग्रामीणों के साथ मिलकर धूमधाम से जयंती मनाई गई। युवा टीम ने संभाली कमान इस पूरे आयोजन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कन्हैया लाल चौधरी के साथ उनकी टीम के प्रमुख सदस्य मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप सेरू वंश प्रताप चौधरी महेश कुमार, कुलदीप और संतराम अंकित और कुलदीप कुमार गांवों में पहुंचे सदस्यों का ग्रामीणों ने भी गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह–जगह श्जय भीमश के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और उनके विचार आज भी समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# डा. अम्बेडकर राष्ट्रीय नेता के साथ उनकी सोच वैश्विक थी

न्यूज वाणी ब्यूरो




प्रयागराज। एक ओर जहां डा. अम्बेडकर क्लब, प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) और बाबासाहेब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वावधान ज्ञान के प्रतीक राष्ट्रनायक बोधिसत्व डा. बाबासाहेब भीमराव रामजी अम्बेडकर जी की 135 वीं जन्म जयंती पर हाईकोर्ट स्थित डा. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर समानता के संघर्ष का डा. अम्बेडकर मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में वर्तमान वैश्विक परि.श्य में डा. अम्बेडकर विषय सेमिनार का आयोजन किया गया। संविधान मेले के मुख्य अतिथि कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास संस्थान कटरा के उप निदेशक बी मुरली .ष्णा ने कहा कि डा. भीमराव अम्बेडकर एक समाज सुधारक, विधिवेत्ता और राष्ट्रनायक थे, जिन्होंने भारत में जाति–आधारित भेदभाव को समाप्त करने और सामाजिक न्याय के लिए जीवन भर संघर्ष किया। डा. अम्बेडकर राष्ट्रीय नेता के साथ उनकी सोच वैश्विक थी यूपीपीसीएल के अधिशासी अभियंता आरडी सोनकर ने कहा कि बाबासाहेब ने शिक्षा, समानता और स्वतंत्रता के माध्यम से हाशिए पर पड़े समुदायों दलितों, महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए बहिष्त हितकारिणी सभा, महाड़ सत्याग्रह, मूकनायक पत्रिका और संवैधानिक आरक्षण जैसे निर्णायक कार्य किए। अध्यक्षता करते हुए उच्च न्यायालय के अधिवक्ता शुकदेव राम ने बताया कि प्रयागराज शहर में संयुक्त तत्वाधान में आयोजित समानता के संघर्ष का डा. अम्बेडकर मेला विविधता में एकता की बुनियाद है। संविधान के अनुच्छेद 13,15,17 और 39 ख पर वर्तमान भाजपा सरकार से काम करने हेतु रणनीति भी बनेगी। कुशल संचालन प्रबुद्ध फाउंडेशन के सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने किया।

# भीमराव अडेकर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर । स्थानीय नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता नगर उपाध्यक्ष रामू राजवंशी ने की वही संचालन नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल के द्वारा किया गया । इस दौरान मुख्य वक्ताओं के रूप में राम नरेश त्रिवेदी, वीरेंद्र पूरी, राजेश्वर रस्तोगी, और भगवानदीन द्विवेदी ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व नगर अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता, वर्तमान नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल, महामंत्री एवं नामित सभासद देवेश अवस्थी तथा उत्तम शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया । वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सामाजिक समरसता और न्याय का प्रतीक है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल ने कहा की ष्बाबा साहब ने न केवल संविधान की रचना की, बल्कि उन्होंने खंडित भारत को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया । उनका दिया हुआ संविधान ही आज देश की असली शक्ति है, जो हर नागरिक को समान अधिकार और सम्मान दिलाता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और शिक्षा को सबसे बड़ा शस्त्र बताया। वहीं, भगवानदीन द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के श्अंत्योदयश के सपने को साकार कर रही है, जहाँ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामू राजवंशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व, नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष मनमोहन गुप्ता और महामंत्री देवेश अवस्थी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित



कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का नारा आज भी प्रासंगिक है। इस मौके पर प्रमुख रूप से राम बिला शाक्य, प्रदीप बाल्मीकि, बाबू राम विद्यार्थी, बंशी धर पाठक, संतोष बाल्मीकि, अशोक भार्गव, सोनू बाल्मीकि, निशांत नाग, पुनीश राही, आदर्श बाल्मीकि, कमलेश भार्गव, रामेश्वर तिवारी, सभासद मनीष शुक्ल, आलोक जायसवाल, घनश्याम कनौजिया, संतोष बाल्मीकि, दिलीप मौर्य, राहुल द्विवेदी, शत्रोहन कश्यप, महेंद्र मिश्रा, पंकज जायसवाल, मनीष पाठक समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व संभ्रांत लोग मौजूद रहें ।

# विज्ञान भारती फिरोजाबाद ने किया भारतीय संविधान के जनक को नमन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज। ब्रज विज्ञान भारती के तत्वाधान में विज्ञान भारती फिरोजाबाद के कार्यालय पर विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने भारतीय संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 135 वीं जन्म जयन्ती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और दलितों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाने के साथ श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। उनका जन्म




14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू नगर सैन्य छावनी में हुआ था। वे रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की चौदहवीं व अंतिम संतान थे। वे हिन्दू महार जाति से सम्बंध रखते थे, जो तब अछूत कही जाती थी और इस कारण उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव सहन करना पड़ता था। उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट में विधि का अभ्यास करते हुए अछूतों की शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें ऊपर उठाने के प्रयास किए। उनका प्रथम संगठित प्रयास केंद्रीय संस्थान बहिष्त हितकारिणी सभा की स्थापना थी, जिसका उद्देश्य शिक्षा और सामाजिक–आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने के साथ ही अवसादग्रस्त वर्गों के रूप में संदर्भित बहिष्कार के कल्याण करना था। दलित अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने मूकनायक, बहिष्त भारत, समता, प्रबुद्ध भारत और जनता जैसी पाँच पत्रिकाएं निकालीं। वे एक प्रतिभाशाली एवं जुझारू लेखक थे। इसलिये उन्होंने मुंबई के अपने घर राजगृह में ही एक समृद्ध ग्रंथालय का निर्माण किया था। जिसमें उनकी पचास हजार से भी अधिक किताबें थीं। उन्होंने अपने लेखन द्वारा दलितों व देश की समस्याओं पर प्रकाश डाला। उनका महापरिनिर्वाण 06 दिसम्बर 1956 को दिल्ली में उनके आवास पर हो गया। इस अवसर पर कु मुस्कान, परी, करिश्मा, शिवानी, साक्षी, आस्था, अनिरुद्ध, रामगोपाल, आदित्य, अरशद, गुफरान, अयान, नीलेश, हार्दिक, अंश प्रताप, गिलक्रिस्ट आदि उपस्थित रहे।

# आबेडकर जयंती पर दुर्गावती में एकता का संदेश, हजारों लोगों की रही भागीदारी

## -धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब अबेडकर जयंती, दुर्गावती में दिखा उत्साह

न्यूज वाणी ब्यूरो

दुर्गावतीध्कैमूर। डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को दुर्गावती प्रखंड क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। सुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद भव्य जुलूस एवं रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं, छात्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान "जय भीम" के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया और देश को एक सशक्त संविधान प्रदान किया। इस मौके पर सांस्.तिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों और युवाओं ने गीत, भाषण और नाटक के माध्यम से बाबा साहेब के विचारों को प्रस्तुत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थानीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अंत में सभी लोगों ने बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने और समाज में समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। आज भी उनके विचार समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और देश के विकास में मार्गदर्शन करते हैं। समाजसेवी बाबर खान ने कहा कि जो बाबा साहेब अंबेडकर के साथ है,



हम उनके साथ हैं। उन्होंने "बटेंगे तो हटेंगे, डटेंगे तो कायम रहेंगे" का संदेश देते हुए एकता और संविधान की मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम में बसपा विधायक सतीश कुमार, एआइएमआइएम जिला अध्यक्ष हनीफ खान, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी इमरान खान, संरक्षक कपिल मुनीराम, अध्यक्ष छबिलाल राम, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष रामबाबू भारती, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामअवतार राम, संजीव कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन पटवारी लाल द्वारा किया गया, जबकि सांस्.तिक प्रस्तुति में कलाकार महेंद्र राम एवं शिवचरण दीवाना ने अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने इसे एक भव्य और ऐतिहासिक आयोजन बना दिया।

# 135वीं जयंती पर बाबा साहब को नमनरु शाह कस्बे के खान मार्केट में भव्य स्वागत, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## –एडवोकेट इरफान खान द्धगुड्डू खानऋ के नेतृत्व में सेवा, सम्मान और सामाजिक एकता की मिसाल,आगंतुकों के लिए पानी, बिस्कुट व कोल्ड ड्रिंक की उत्कृष्ट व्यवस्था

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर–शाह । भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर जनपद फतेहपुर के गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बे में इस वर्ष भी अभूतपूर्व उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। शाह स्थित खान मार्केट एक बार फिर सामाजिक समरसता, सेवा और सम्मान का केंद्र बन गया, जहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खान मार्केट के संचालक एडवोकेट इरफान खान उर्फ गुड्डू खान साहब द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जयंती के उपलक्ष्य में क्षेत्र में निकाली गई भव्य शोभायात्रा जब खान मार्केट पहुंची, तो वहां मौजूद लोगों ने पूरे जोश और सम्मान के साथ उसका स्वागत किया। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे शामिल रहे। इस अवसर पर शोभायात्रा में शामिल सभी साथियों, श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों का खान मार्केट परिसर में बाबा साहब की आकर्षक एवं सुसज्जित प्रतिमा–चित्र भेंट कर अत्यंत सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। इस सम्मान से पूरा वातावरण श्रद्धा, गौरव और उत्साह से ओतप्रोत हो उठा। यह .श्य न केवल बाबा साहब के प्रति लोगों की गहरी आस्था का प्रतीक था, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और आपसी सौहार्द की मजबूत मिसाल भी प्रस्तुत कर रहा था। कार्यक्रम की सबसे विशेष बात खान मार्केट द्वारा की गई सेवा व्यवस्था रही। तेज गर्मी को देखते हुए शोभायात्रा में शामिल सभी आगंतुकों के लिए ठंडा पानी, बिस्कुट और कोल्ड ड्रिंक की विशेष व्यवस्था की गई थी। पूरे मार्ग में तथा खान मार्केट परिसर में लोगों को रुक–रुक कर जलपान कराया गया, जिससे राहगीरों और प्रतिभागियों को काफी राहत मिली। इस सेवा भाव और मानवीय पहल ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एडवोकेट इरफान खान (गुड्डू खान) के इस सराहनीय प्रयास की खुले दिल से प्रशंसा की। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल महान व्यक्तित्वों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, बल्कि समाज में एकता, सहयोग, भाईचारे और सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा, समानता और न्याय के माध्यम से देश को एक नई दिशा दी। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकार पहुंचाने का कार्य किया और देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है। उनका जीवन आज भी हर वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत है और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में वास्तविक बदलाव संभव है। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, उत्साह और भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला। हर ओर "जय भीम" के नारों की गूंज सुनाई दे रही थी और बाबा साहब के प्रति अटूट श्रद्धा का भाव वातावरण को भावुक और प्रेरणादायक बना रहा था। लोगों ने एक स्वर में बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने तथा सामाजिक समरसता और शिक्षा के संदेश को



जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, युवा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। खान मार्केट में आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक जयंती समारोह नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक जागरूकता, एकता और सेवा भावना का एक जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में होती रही।

# मानदेय भुगतान में देरी से नाराज जल जीवन मिशन कर्मियों का प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली–बिजनौर । राहतपुर खुर्द में स्थित बीटीएल कंपनी के दतर पर मंगलवार को जल जीवन मिशन से जुड़े टंकी ऑपरेटरों और सुरक्षा कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन किया। कई महीनों से मानदेय न मिलने के कारण कर्मचारियों में भारी नाराजगी देखने को मिली। जिले के नजीबाबाद, किरतपुर, धामपुर, नहटौर, कोतवाली और चांदपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए कर्मचारी एकजुट होकर कार्यालय परिसर में धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदीप कुमार ने किया, जबकि उनके साथ विनीत कुमार, अरुण कुमार, जितेंद्र सिंह, राजीव कुमार और प्रशांत कुमार समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते हुए लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान, नियुक्ति पत्र जारी करने और अन्य लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# कारोबारी के घर चोरी का खुलासा, अंतरजनपदीय गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार।

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर । शहर में पिछले माह एक कारोबारी के घर हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतरजनपदीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरतार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में सोने–चांदी के आभूषण, नकदी और चोरी में प्रयुक्त वाहन बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार 13 मार्च को यशोदा कुंज निवासी अमित अग्रवाल ने अपने घर में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद शहर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस मेरठ तक पहुंची और गिरोह के सदस्यों की पहचान की। गिरतार आरोपियों में वसीम अकरम उर्फ चपटा, विनय उर्फ रिंकू और अरुण वर्मा शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब आठ लाख रुपये मूल्य के सोने–चांदी के आभूषण, लगभग एक किलो चांदी और ढाई लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अलावा चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार और वाहन भी जब्त किए गए हैं। जांच में सामने आया कि गिरोह सुनसान और बंद पड़े मकानों को निशाना बनाकर वारदात को अंजाम देता था। गिरोह से जुड़े सराफ की भूमिका भी सामने आई है, जो चोरी के आभूषणों को गलाकर उनकी पहचान मिटा देता था। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी वसीम उर्फ चपटा पर विभिन्न जनपदों और राज्यों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि उसके साथी पर भी पूर्व में मुकदमे दर्ज हैं। घटना के दिन आरोपी पहले कई मकानों की रेकी कर चुके थे, लेकिन मौका न मिलने पर अंततः एक बंद घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

# युवती की संदिग्ध मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर–बिजनौर । कस्बे के मोहल्ला धर्मशाला में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महबिश (22) पत्नी जकीउद्दीन रविवार दोपहर अपने कमरे में अचेत अवस्था में पाई गई। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दियझं ससुराल पक्ष का कहना है कि युवती पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी और उसका इलाज चल रहा था। वहीं, मृतका के पिता मुकीम, जो कोतवाली देहात क्षेत्र के निवासी हैं, ने बताया कि वह रविवार को ही बेटी के घर पहुंचे थे और उस समय उसकी हालत काफी कमजोर दिखाई दे रही थी। उन्होंने परिवार को बेहतर उपचार कराने की सलाह भी दी थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की

# दो लाख रुपये के लिए कपड़ा व्यापारी की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर । दो माह से लापता नूरपुर निवासी कपड़ा व्यापारी की हत्या का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरतार किया है। हत्या रुपये हड़पने की नीयत से की गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक धामपुर पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि नूरपुर थाना क्षेत्र निवासी इसरार अली (38) की गुमशुदगी आठ मार्च को उसके भाई मोहम्मद अफसर अली द्वारा दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इसरार आखिरी बार धामपुर क्षेत्र के गांव तीबड़ी में अपने रिश्तेदार आशु सिद्दीकी के पास गया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और कॉल डिटेल के आधार पर आशु सिद्दीकी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों शाहनवाज उर्फ शानू और जाबिर के साथ मिलकर हत्या की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों ने बताया कि इसरार करीब दो लाख रुपये लेकर उनके पास आया था। इसी रकम को हड़पने के लिए तीनों ने रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। बाद में पहचान छिपाने के लिए शव को नूरपुर क्षेत्र में पोषक नहर के किनारे ले जाकर पेट्रोल डालकर जला दिया और झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक के अवशेष (कंकाल), हत्या में प्रयुक्त रस्सी, ब्रेसलेट और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सोमवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों.आशु सिद्दीकी, शाहनवाज उर्फ शानू (दोनों निवासी तीबड़ी) और जाबिर (निवासी पाडली मांडू).को गिरतार कर न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक इसरार की दो शादियां हुई थीं और वह अकेले रहकर कारोबार करता था। वह आठ फरवरी को तीबड़ी आया था, जहां आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# अग्निशमन स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि, शोक परेड आयोजित

## –अग्नि सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत, जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अग्निशमन स्मृति दिवस एवं अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन इटावा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन धारण किया तथा शोक परेड आयोजित की गई। 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर एस.एस. फोर्ट स्टिकिन मालवाहक जहाज में लगी भीषण आग में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर जनपद के सभी फायर स्टेशनों पर भी शोक परेड, प्रभात फेरी एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कर्मियों को आग से बचाव, आवश्यक सावधानियों एवं आपात स्थिति में किए जाने वाले उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाने का उद्देश्य अग्निकांड की घटनाओं को रोकना तथा लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। इसके उपरांत जनमानस को जागरूक करने के लिए अग्निशमन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को आग लगने की स्थिति में सतर्कता बरतने, प्रारंभिक स्तर पर आग पर काबू पाने और जन–धन की हानि को कम करने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में समयबद्धता और गुणवत्ता पर जोर

## -सीडीओ ने अधूरे कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, 14 अप्रैल 2026। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जनपद के विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज इटावा के निर्माण कार्य को अप्रैल माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि नया शैक्षिक सत्र समय से शुरू हो सके। जिला कारागार में 24 बंदी क्षमता वाले हाई सिक्योरिटी बैरक के निर्माण में पाई गई खामियों को तत्काल सुधारने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सैफई में चल रहे निर्माण कार्यों में पत्थरों के जॉइंट सही ढंग से मिलाने एवं घिसाई कार्य में सुधार लाने को कहा गया। वहीं, उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत 50 बेडेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक में ईंटों की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए। मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई की बाउंड्री वॉल,



मेडिकल कॉलेज में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग का विस्तार, ओपीडी भवन के रैंप, 300 बेडेड प्रसूति एवं स्त्री रोग ब्लॉक तथा पैरामेडिकल भवनों के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। विकास खंड महेवा के ग्राम बहेड़ा में अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय के निर्माण को शीघ्र पूर्ण कर संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। जिला संयुक्त चिकित्सालय में अग्निशमन व्यवस्था के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग, मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने को भी कहा गया। शहर के पक्का तालाब के निकट ऐतिहासिक भवनों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तथा ग्राम विक्रमपुर में शिव मंदिर के विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय ब्लॉक एवं मल्टीपरपज हॉल निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। अग्निशमन केंद्र आवासीय भवनों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा गया। साथ ही, मॉडल कंपोजिट विद्यालय ममनी–हिम्मतपुर में सॉयल ट्रीटमेंट कार्य को प्राथमिकता देने एवं तकनीकी अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। भर्थना क्षेत्र में 1000 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण, बकेवर–सिंडोस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण तथा भर्थना बाईपास मार्ग के निर्माण कार्य को समय से पूर्ण करने पर बल दिया गया। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएं। इस दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर जयंती पर भाजपा कार्यालय व विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम

## –बाबा साहब के विचारों पर चलने का आह्वान, पुष्पांजलि व संगोष्ठी आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती जनपद में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब केवल एक महान व्यक्तित्व नहीं, बल्कि समानता, न्याय और अधिकारों की विचारधारा के प्रतीक हैं। उन्होंने शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से समाज में व्यापक बदलाव लाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अम्बेडकर से जुड़े पंच तीर्थ.महू, लंदन, नागपुर, दिल्ली और मुंबई.को विकसित कर प्रेरणा स्थलों के रूप में स्थापित किया गया है, जिससे नई पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ले सके। कार्यक्रम में जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष .पानारायण तिवारी, संजीव भदौरिया, अमित तिवारी, जिला मंत्री अभिषेक मिश्रा, प्रीति दुबे, सुरेश राजपूत, कोषाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, सह–कोषाध्यक्ष समीर सक्सेना सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय नगला हीरालाल में भी अम्बेडकर जयंती पर भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने विद्यालय के अनुशासन, शिक्षण व्यवस्था एवं सकारात्मक वातावरण की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हरिओम अवस्थी ने किया, जबकि शिक्षिका अमिता गुप्ता एवं विनीत कुमार शाक्य ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य दिनेश सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों एवं प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर मो. फरहत आलम, रमाकांत त्रिपाठी, अंजू दीक्षित, नेहा शुक्ला, बीर बहादुर, कल्पना जैन, नीतू सिंह, नितिन कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




# खालसा साजना दिवस पर गुरुद्वारा में गूंजे जयकारे, श्रद्धालुओं ने किया अखंड पाठ

## -बैसाखी समृद्धि, खुशियों और संकल्प का प्रतीक . तरन पाल सिंह

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। खालसा साजना दिवस बैसाखी का पर्व शहर में परम्परागत उल्लास, उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर साहिब में धार्मिक जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा पहुंचकर अखंड पाठ में भाग लिया तथा दरबार में सजे दीवान के दौरान रागी जत्थों द्वारा मधुर शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और धार्मिक कविताओं एवं पाठ के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान संगत में शामिल स्त्री, पुरुष, युवा और बच्चों ने सभी के सुख–समृद्धि और भलाई के लिए अरदास की। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष तरन पाल सिंह कालरा ने बताया कि बैसाखी का पर्व खुशियों, समृद्धि और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1699 में इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी। उस समय गुरु गोविंद सिंह जी ने पांच सिखों की परीक्षा लेकर उनकी निष्ठा और समर्पण से प्रसन्न होकर उन्हें अमृत छकाया और 'पांच प्यारों' का दर्जा दिया। इसके बाद स्वयं गुरु साहिब ने भी पांच प्यारों से अमृत ग्रहण किया, जो धर्म और देश के लिए समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि बैसाखी के पावन अवसर पर गुरुद्वारा में नवजात बच्चों का नामकरण संस्कार भी किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य ग्रंथी द्वारा बच्चों का नामकरण कर उन्हें अमृतपान कराया गया। कार्यक्रम के दौरान अखंड पाठ साहिब करवाने वाले दीपिंदर अरोड़ा को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में संगत ने श्रद्धा भाव से लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सरदार मनदीप सिंह, चरनजीत सिंह, दलजीत सिंह, जसवीर सिंह (पप्पी), गुरमीत सिंह साहनी, त्रिलोचन सिंह और साहिब सिंह सहित अन्य सहयोगियों ने गुरुद्वारा कमेटी की ओर से सभी का आभार व्यक्त करते हुए बैसाखी की शुभकामनाएं दीं।



# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

## –हेल्पलाइन नंबर व साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत



इटावा पुलिस की शक्ति मोबाइल टीम द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# बाबा साहब की जयंती पर किया भंडारा व तहरी भोज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर कचेहरी परिसर स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर पार्क में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. बीआर अंबेडकर युवा जनसेवा फाउंडेशन एवं अर्चना ब्लू ड्रीम सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। विशेष अवसर पर संस्थाओं ने विशाल भंडारे, जलपान एवं तहरी भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक देशराज नोएडा, ज्ञानचंद, दिव्यांश गौतम, अर्चना देवी, दीपक देहाती और अरविंद राजू रहे। आयोजकों ने बाबा साहब के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प दोहराते हुए जयंती समारोह में शामिल होने आए हजारों श्रद्धालुओं और अनुयायियों का उत्साहवर्धन किया। शहर में निकले भव्य जुलूस में शामिल हजारों लोगों का अंबेडकर पार्क पहुँचने पर आयोजकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। दूर–दराज से आए लोगों के लिए ठंडे जलपान और गरमा–गरम तहरी का वितरण किया। सेवा का यह सिलसिला सुबह से शाम तक अनवरत चलता रहा। जिसमें समाज के हर वर्ग ने अपनी सहभागिता दर्ज कराया कार्यक्रम की। सफलता में संरक्षक मंडल की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। संरक्षक रूद्रेश गौतम, विनोद गौतम, ज्ञानेंद्र गौतम और पवन चंद्र ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में विशेष सहयोग प्रदान किया। वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षित बनने और संगठित रहने का संदेश दिया। इस दौरान पूरा कचेहरी परिसर जय भीम के उद्घोष से गुंजायमान रहा।



# अम्बेडकर जयंती पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, शहर में प्रशासन का लैग मार्च

## –डीएम–एसएसपी ने किया निरीक्षण, नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार



शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर गहन निरीक्षण किया गया और संबंधित अधिकारियों व पुलिस बल को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। मुख्य मार्गों, चौराहों, भीड़–भाड़ वाले स्थानों एवं कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, आयोजकों एवं संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर आपसी समन्वय बनाए रखने और शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की।

## नीलामी नोटिस

नोटिस नीलामी जनपद न्यायालय, फतेहपुर।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026–27 (नीलामी के दिनांक 21.04.2026 से 31.03.2027) के लिए खान पान (कैण्टीन), साइकिल स्टैण्ड, तम्बाकू रहित पान की दूकान के ठेका की नीलामी उपरोक्त अवधि हेतु दीवानी न्यायालय परिसर में दिनांक 21.04.2026 को दिन में 02.00 बजे से 04.00 बजे के मध्य (वित्तीय) नीलामी समिति के अध्यक्ष व सदस्य गण की उपस्थिति में जनपद न्यायालय फतेहपुर के परिसर में की जायेगी जो लोग बोली में भाग लेना चाहे निर्धारित शर्तो की जानकारी हेतु निर्धारित समय के एक दिन पूर्व तक नजारत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। 1– नीलामी के समय बोली बोलने वाले को बोली बोलने से पूर्व काशन मनी के रूप में वित्तीय समिति द्वारा निर्धारित धनराशि नगद जमा करनी होगी तथा बोली स्वीकार होने के पश्चात बोली का 25 प्रतिशत जमानत की धनराशि के रूप में नगद जमा किया जायेगा। 2– प्रत्येक त्रैमासिक अन्तराल पर अर्थात अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर व जनवरी के प्रथम सप्ताह में त्रैमासिक किश्त के रूप में जमा की जायेगी। 3– यह कि जिस व्यक्ति की नीलामी स्वीकृत होगी उसे सभी शर्तो के अनुरूप अनुबन्ध प्रपत्र व व्यक्तिगत बंधपत्र देने होगें जो जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर व ठेकेदार के मध्य होगें। 4– यह कि साइकिल स्टैण्ड के लिए स्थान निर्धारित है, इस हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर द्वारा अनुमति प्रदान की जायेगी। 5– यह कि जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर बिना कारण बताये अधिक बोली को स्वीकार न करने के अधिकारी होगें।

अध्यक्ष, वित्तीय समिति/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद न्यायालय, फतेहपुर।

# सरस्वती बाल मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल में मेधावी सम्मानित

## - अभिभावकों को सम्मानित कर बढ़ाया हौसला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सरस्वती बाल मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल गंगानगर में मेधा अलंकार एवं अभिभावक सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा मंदिर के संत ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव और नवनिर्वाचित महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि में वरिष्ठ साहित्यकार मधुसूदन दीक्षित, भाजपा के जिला महामंत्री नीरज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से आरंभ हुआ। कार्यक्रम में कुल 90 मेधावियों को सम्मानित किया गया। 125 ऐसे अभिभावको को भी पुरस्.त किया गया जिनके बच्चे पूरे वर्ष भर में एक भी दिन विद्यालय से अनुपस्थित नहीं हुए। परिणाम की .ष्टि से सीनियर वर्ग में निकुंज 7बी ने 99.79 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉप किया। जबकि 99 प्रतिशत अंक पाकर विराट 8ए द्वितीय स्थान पर रहे। 98.5 प्रतिशत अंक प्रतिषत पाकर तृतीय स्थान में रहे। अतिथियों ने विद्यालय के हमारा विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से उत्.ष्ट शिक्षा देते हुए अच्छे




पाकर पिहू 9ए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार प्राथमिक वर्ग में अरूफ केजी ने 98.5 प्रतिषत अंक पाकर आल ओवर टॉप किया जबकि रक्षा 1बी 98 प्रतिषत अंक पाकर द्वितीय स्थान में रही और आलोक 97 पठन–पाठन व अनुशासन की भूरि भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि विद्यालय से निकले हुए अनेक विद्यार्थी बहुत अच्छे–अच्छे पदों में सेवाएं दे रहे हैं इससे यह प्रमाणित है कि संस्कार देने में अव्वल दर्जे पर है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित, शिवपुरम शाखा के प्रधानाचार्य क्रमशः धीरेंद्र व सक्षम सहित पूरा स्टाफ कार्यक्रम के सकुशल संपादन में जी जान से डटा रहा।

### बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता सहारनपुर बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में दलित समाज के लोगों द्वारा ग्राम बुन्दूगढ़ शेखुपुरा जम्बुगढ़ मित्तरगढ़ कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नावेद अख्तर उर्फ बबली का स्वागत किया गया। इस मौके पर नावेद अख्तर उर्फ बबली द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम का रिबन काटकर उद्घाटन किया एंव बाबा साहब की फोटो पर नमन करते हुए केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कर बधाई दी। इस दौरान नावेद अख्तर उर्फ बबली ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा बाबा साहब एक महान व्यक्ति थे जिन्होंने देश के संविधान को लिखने का काम किया।

## सूचना

पहले मेरा नाम विनीता देवी था। अब मैंने अपना नाम विनीता सिंह (Vineeta Singh,) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम विनीता सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये। विनीता सिंह पत्नी अमित सिंह निवासिनी सुल्तानपुर मजरे अयाह थाना गाजीपुर तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सिद्धार्थ कुमार था। अब मैने अपना नाम बदलकर सिद्धार्थ त्रिपाठी रख लिया है। जो सही है। भविष्य में मुझे सही नाम सिद्धार्थ त्रिपाठी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सिद्धार्थ त्रिपाठी, निवासी खम्भापुर, सर्वोदय नगर जोनिहां चौराहा फतेहपुर (उ0प्र0) पिन.212601

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र जेयान हसन का जन्म दिनाकं 15.06.2021 को घर पर हुआ था। माता का नाम मोसमा बानों है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। जेआउल हक पुत्र शमशुल हक निवासी ग्राम व पोस्ट सनगांव ब्लाक तेलियानी जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सुषमा रानी त्रिपाठी था। जो गलत है। उपरोक्त नाम को मैंने बदलकर सुषमा त्रिपाठी रख लिया है। जो सही है। भविष्य में मुझे सही नाम सुषमा त्रिपाठी के नाम से जाना व पहचाना जाए। सुषमा त्रिपाठी, निवासिनी खम्भापुर, सर्वोदय नगर जोनिहां चौराहा. फतेहपुर (उ0प्र0) पिन.212601

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अमान हसन का जन्म दिनाकं 10.06.2023 को घर पर हुआ था। माता का नाम मोसमा बानों है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। जेआउल हक पुत्र शमशुल हक निवासी ग्राम व पोस्ट सनगांव ब्लाक तेलियानी जिला फतेहपुर।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# रेडक्रास सोसाइटी ने वृद्धजन आवास पर लगाया शिविर

## – डा. अनुराग ने बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी दवाएं



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में आरोग्य भारती के जिला सचिव, चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने मवइया स्थित समाजकल्याण विभाग के संचालित वृद्धजन आवास में होम्योपैथिक स्वास्थ्य परीक्षण व औषधि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। सभी वृद्धजनों का डॉ अनुराग ने स्वास्थ्य परीक्षण कर होम्योपैथिक औषधियां भी प्रदान कीं। साथ ही सभी को पाचनशक्ति वर्धक व ताकत के सीरप प्रदान किए गए। अधिकांश वृद्धजन सर्दी खांसी, जोड़ों के दर्द, उच्च रक्तचाप व पाचन संबंधी समस्याओं से ग्रसित थे। साथ ही प्रातः 11 बजे श्री.ष्ण आदर्श विद्या मंदिर दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में दिव्यांग बच्चों को डॉ अनुराग द्वारा बिस्कुट व फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक सीताराम यादव, वार्डन अशोक कुमार, उमेश कुमार व प्रमुख सहयोगी अभिनव श्रीवास्तव संयोजक होम्योपैथिक केमिस्ट प्रकोष्ठ, चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

# बाबा साहब की जयंती पर धूमधाम से निकली शोभा यात्रा

## - शोभा यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत
## - स्टाल लगाकर झांकी में शामिल लोगों का गला कराया तर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। संविधान निर्माता, बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयन्ती के अवसर पर विभिन्न संगठनों की ओर से जयंती पर झांकी यात्रा का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अंबेडकर पार्क से झांकी यात्रा की षुरूआत हुई जो षहर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण कर पुनः कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाप्त हुई तत्पष्चात संगठनों के लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उधर राजनैतिक दलों के लोगों ने भी बाबा साहब की जयंती अपने–अपने निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार मनाई। कार्यक्रमों की शुरूआत सबसे पहले कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाबा साहब के अम्बेडकर पार्क से की गई। अंबेडकर पार्क पर जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। डा. बाबा साहब अंबेडकर विकास समिति ने शहर के विभिन्न मोहल्लों





से षोभा यात्रा निकाली। षोभा यात्रा की षुरूआत अंबेडकर पार्क से हुई। षोभा यात्रा में बड़ी संख्या में अनुयायियों ने षिरकत की। यात्रा अपने निर्धारित मार्गों पर भ्रमण करने के पष्चात अंबेडकर पार्क में ही समापन किया गया। रास्ते में जगह–जगह षोभा यात्रा का स्वागत स्टाल लगाकर किया गया। शोभा यात्रा में षामिल लोगों को शर्बत पिलाकर गला भी तर कराया। जिसके बाद अंबेडकर पार्क में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह में आये गणमान्य नागरिकों एवं उनके अनुयायियों को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संविधान के रचयिता बाबा साहब अंबेडकर ने हमें अपने हकों की लड़ाई के लिए वह कानून दिया। जिसके तहत आज हम पूरी तरह अपने आपको स्वतंत्र महसूस कर रहे हैं। कहा कि उनके त्याग और बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। इतनी कठिनाइयों का सामना कर श्री बाबा ने सर्व समाज को एक सूत्र में बांधने का जो सपना देखा था उन सपनों को साकार करने के लिए उनके विचारों अमल करना होगा। विशाल समारोह में आये अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी बारी–बारी से अपने विचार व्यक्त किये।

# अज्ञात कारणों से पांच बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

## – किसान का रोकर बुरा हाल



न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के पुराइन गांव में सोमवार को खेत में रखी पांच बीघे फसल जलकर राख हो गई। आग अज्ञात कारण से लगी। गांव निवासी किसान विमलेश कुमार के खेत में पांच बीघे फसल के बोझ रखे थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से गांव के किसान को करीब 75 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। किसान की फसल अचानक आग लग गई। सूखी फसल के बोझ आग में बदल गए। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के कई खेत इसकी चपेट में आ गए। पहले ही दमकल टीम मौके पर आग को काबू पाया। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। भाजपा नेता एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य धनंजय सिंह ने बताया कि किसानों की फसल का सही मुआवजा नहीं मिला तो सीएम तक शिकायत की जाएगी।

# महिला को सर्प ने डंसा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम कोण्डार मंगलवार की दोपहर घर के अंदर बैठी 40 वर्षीय महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोण्डार गांव निवासी राम मिलन सिंह की पत्नी सगीता देवी अपने घर के में बैठी थी तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनो को हुयी तो उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# बाइकों की भिड़ंत में दम्पति सहित तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के नरतौली मोड़ पर मंगलवार की सुबह बाइकों की हुई भिड़ंत में दम्पति समेत तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अहिरन खेड़ा निवासी श्याम लाल 18 वर्षीय पुत्र लवलेश अपने परिवार के भाई बाहर नौकरी करता है। उसे लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह नरतौली मोड़ के पास पहुंचा तभी इसी थाने के मोहल्ला मेवाती निवासी शमशाद का 32 वर्षीय पुत्र नाहिद अपनी 23 वर्षीय पत्नी अफसाना के साथ बाइक से आ रहा था। तभी दोनो बाइकों में भिडन्त हो गयी जिससे तीनों घायल हो गये। घटना की सूचना पर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

# कांग्रेसियों ने मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

## - अंबेडकर पार्क जाकर किया माल्यार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर



पर जिला व शहर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने प्रातः अंबेडकर पार्क पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहब द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके जीवन चरित पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने बाबा साहब को देश का असल शिल्पी बताते हुए कहा कि उन्होंने जिस प्रकार शोषित वर्ग व महिलाओं के अधिकारों के प्रति आवाज उठाई व उन्हें उचित स्थान दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिसका असर है कि आज महिलाएं सम्मानित ढंग से समाज में ऊंचे पायदान में खड़ी हैं। एक निर्धन भी सम्मान के साथ समाज में खड़ा है। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने बाबा साहब के संविधान को गरीब असहाय व महिलाओं को अपने अधिकारों की सुरक्षा का एक मजबूत शस्त्र बताया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा उसी संविधान रूपी शस्त्र को खत्म करने का प्रयास कर रही है परन्तु कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता संविधान की रक्षा के लिए वचनबद्ध है। गोष्ठी में रंजीत मौर्य एडवोकेट, सभासद सादाब अहमद, पूर्व अध्यक्ष पप्पू पाल, रामनरेश महराज, देवी प्रकाश दुबे, राजीव लोचन निषाद, कल्याण सिंह आदि ने भी अपने विचार रखे। गोष्ठी में मणि प्रकाश दुबे, पुत्तन मिश्रा, कलीम उल्ला सिद्दीकी, आदित्य श्रीवास्तव, नवनीत तिवारी, चौधरी मोइन राईन, बीआर सरोज, सैयद सहाब अली, शकीला बानो, रेखा पासवान, बषीर अहमद, अजय बच्चा, मो. इशरत खान, कौशल कुमार शुक्ला, वकील खान, नजमी कमर, मो. इस्माइल, धर्मेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र यादव, इलियास खान, निजामुद्दीन, निजाम राइन, अमित श्रीवास्तव, डॉ. अब्दुल हमीद, अमीरउलजमा खान आदि मौजूद रहे।

# अग्निशमन सेवा दिवस पर जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

## – शहीद फायर कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर मंगलवार को जनपद में अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक को मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने लैग पिन लगाकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की।



कार्यक्रम के दौरान वर्ष 1944 में हुए मुंबई बंदरगाह विस्फोट में शहीद हुए वीर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। फायर स्टेशन परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया। भारत सरकार द्वारा निर्धारित इस वर्ष के अग्निशमन सेवा सप्ताह की थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज के अंतर्गत मुख्य अग्निशमन अधिकारी जसवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को एलपीजी गैस, विद्युत उपकरणों एवं अन्य कारणों से होने वाली आग की घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही पंपलेट वितरित कर आमजन को सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया।

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलेगा अभियान

अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत 14 से 20 अप्रैल तक पूरे जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और आपात स्थिति में बचाव के उपायों की जानकारी देना है।

### आमजन से अपील

पुलिस एवं अग्निशमन विभाग ने जनमानस से अपील किया कि खलिहानों, घरों और खेतों में आग से बचाव के सभी आवश्यक उपाय अपनाएं। बिजली के उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करें और ओवरलोडिंग से बचें। गैस सिलेंडर व चूल्हे का उपयोग सावधानीपूर्वक करें तथा लीकेज की स्थिति में तुरंत सतर्कता बरतें। आग लगने की स्थिति में तुरंत डायल 112 या नजदीकी फायर स्टेशन को सूचना दें। अधिकारियों ने बताया कि थोड़ी सी सतर्कता से बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है, इसलिए सभी नागरिक अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें।

# बगलामुखी माता की मनाई चतुर्थ स्थापना वर्षगांठ

## – धार्मिक अनुष्ठान हवन–पूजन, कन्या पूजन के बाद हुआ भंडारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। कस्बे के मुहल्ला मध्य बाजार नजाही स्थित सिद्धपीठ श्री राम जानकी मन्दिर में विराजमान सिद्ध देवी पीताम्बरा (बगलामुखी) माता की चतुर्थ स्थापना वर्शगांठ पर धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। रीति–रिवाजों के अनुसार विधि विधानपूर्वक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापित कर माता का श्रृंगार कर पूजा–अर्चना की गई। कन्या भोज भी कराया गया।



धार्मिक अनुष्ठान के सांस्.तिक कार्यक्रम में श्रृद्धालुओं व भक्तजनों ने देवी माता एवं प्रतिष्ठित देवी–देवताओं के दर्शन कर पूजा–अर्चना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। दिव्य भण्डारा प्रसाद भी ग्रहण किया। धार्मिक कार्यक्रम में सेवाधारियों ने तन, मन, धन से निस्वार्थ सेवा भाव करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। लोगों की मान्यता है कि माता यहां साक्षात रुप में विराजमान हैं। यहां सच्चे मन से जो भी श्रद्धालु आते हैं और दर्शन करते हैं तो पीताम्बरा (बगलामुखी) माता एवं प्रतिष्ठित देवी–देवता उनका कल्याण करते हुए उनके सारे मनोरथ को पूर्ण करते हैं। दूर–दूर से श्रृद्धालु एवं भक्त जन उक्त सिद्ध पीठ में दर्शनार्थ हेतु आते हैं। इस मौके पर तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भाजपा के नापाक मंसूबो को खत्म करेगी पीडीए की ताकत : नरेश

## - सपाईयों ने डा. अंबेडकर की जयंती मना की गोष्ठी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जनपद के सभी सेक्टर बूथों पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। साथ ही मुख्यालय में भी जन्म जयंती का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद नरेश उत्तम पटेल ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि आज की भाजपा सरकार संविधान को खत्म करन का काम कर रही है हमे पीडीए की ताकत से उनके नापाक मंसूबों को खत्म करना होगा। देश संविधान से चलेगा। गोश्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि वर्श 2027 में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया जाएगा। पीडीए के जननायक अखिलेश यादव को प्रदेश की बागडोर सौंपनी होगी। तभी बाबा साहेब को उनके जन्मदिन की सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित होगी। जयंती कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र यादव, दलजीत निषाद, विपिन यादव, चेयरमैन नगर पालिका राजकुमार मौर्य, कमलेश वर्मा, प्रेमनाथ विष्वकर्मा, कालिका प्रसाद, हीरालाल साहू, मोइन



खान, शमीम खान, सुघर लाल यादव, वीके साहू, नंद किशोर पाल, आरती पाल, अनिल यादव, सुमित साहू, ऐनुल हसन, एड, हनुमान सिंह, सुहैल खान हेमू, रिशु तिवारी, नागेंद्र सिंह, नयन सिंह, संदीप माली एडवोकेट, फैजान मुजतबा, रावेंद्र सिंह, कामता प्रसाद, भानु प्रताप सिंह, जितेंद्र यादव, शिवशंकर यादव, गोलू शर्मा, धर्मेंद्र, सूरजबलि, विकास यादव, शिवकरन यादव, संजय सिंह मौजूद रहे।

# बालिकाओं की परेशानी का कारण बनता बाल विवाह : राजेन्द्र

## – विद्या त्रिपाठी इंटर कालेज में गोष्ठी का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बाल विवाह रोकथाम विषयक गोष्ठी का आयोजन विद्या त्रिपाठी इंटर कॉलेज में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने बालिकाओं को बाल कल्याण समिति के बच्चों के हित में कार्यों तथा समाज में बाल विवाह की स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि समाज में बाल विवाह के दो रूप देखने को मिलते हैं। एक तो माता–पिता द्वारा आर्थिक स्थिति, सामाजिक परिवेश व विभिन्न तरह की समस्याओं के कारण



अपनी नाबालिक लड़की की शादी करते हैं। वहीं दूसरी ओर नाबालिक लड़कियां स्वयं से किसी लड़के को चुनकर घर से निकल कर शादी कर रही हैं। इन दोनों स्थितियों में बालिकाओं की शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक व आर्थिक स्थितियां जीवन भर के लिए परेशानी का कारण बनती है। इसलिए सभी बेटियां बालिग होने के बाद ही अपने माता–पिता के इच्छा से शादी करें। बाल विवाह सिर्फ सामाजिक की नहीं कानूनी अपराध है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बाल विवाह करने वाले को एक लाख का जुर्माना या दो वर्ष की सजा या दोनों हो सकती है। मानव तस्करी विरोधी इकाई के प्रभारी गजेंद्र सिंह ने भी बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन की जिला समन्वय नीरू पाठक ने बताया कि जनपद में अब तक लगभग 20 बाल विवाह रोके जा चुके हैं। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष ने बाल विवाह रोकथाम हेतु सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महिला शक्ति केंद्र की पूनम तिवारी, महिला थाना प्रभारी आशा पांडेय के अलावा विद्यालय के समस्त अध्यापक व बच्चे मौजूद रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को दी नई दिशा : राजेश

## - यादव महासभा ने मनाई बाबा साहब की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। षहर के लखनऊ बाईपास स्थित सैनिक गेस्ट हाउस में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाई गई। बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित सभी लोगों ने एक–एक कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं युवा प्रभारी चौधरी राजेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन



संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा रचित संविधान ने देश के हर वर्ग को समान अधिकार और न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया है। उनका योगदान केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विष्व के लिए प्रेरणास्रोत है। युवाओं से कहा कि बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में वीर सिंह यादव, विनय यादव, निर्मल सिंह यादव, अशोक यादव, प्रीतम सिंह यादव, भूतपूर्व सैनिक राम प्रताप यादव, राम सिंह मौर्य, जितेंद्र यादव, आदित्य यादव, रोहित सिंह, सत्यम यादव, संजय यादव, जीतू यादव, विकल्प सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सेनपुर गांव में बना नाला जनता को समर्पित

## – अंबेडकर जयंती पर जिला पंचायत सदस्य ने किया लोकार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू सिंह लोहारी ने क्षेत्र के ग्राम सेनपुर में 40 लाख रूपए की लागत से निर्मित नाले का लोकार्पण कर जनता को



समर्पित कर दिया। इस नाले के बन जाने से अब क्षेत्र में जल निकासी की समस्या से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा। जिला पंचायत सदस्य रिंकू लोहारी ने कहा कि उनके क्षेत्र के ग्राम सेनपुर में तालाब से जुड़ा महत्वपूर्ण नाला जो की बारिश के दिनों में पूरे गांव को जलमग्न कर देता था। आज अंबेडकर जयंती पर्व के उपलक्ष्य में नाला बनवाकर उसका उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। उन्होने बाबा भीमराव अंबेडकर के बारे में बताते हुए कहा कि बाबा साहब ने जिस संविधान की रचना की थी इस संविधान के अनुसार हमारा देश आगे बढ़ रहा है। वर्श 2047 में पूर्ण विकसित देश बनकर उभरेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में पुत्तन अग्निहोत्री, महाराज, नीरज अग्निहोत्री, पूर्व प्रधान चंद्रपाल, भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र के अलावा समस्त ग्रामवासीय उपस्थित रहे।

# महिला समेत दो ने खाया जहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अन्र्तगत महिला समेत दो लोगो ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खागा कोवताली क्षेत्र के शिवदत्त का पुरवा गांव निवासी रामचन्द्र की 40 वर्षीय पुत्र निशा देवी घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी प्रकार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सलेमाबाद निवासी शिवगोपाल का 21 वर्षीय पुत्र लवकुश ने मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों द्वारा जहर खा लिया। कुछ देर बाद जब दोनो की हालत बिगडने लगी तो परिजनो ने उन्हे सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए सदर अस्पताल मे भर्ती कराया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )